दैनिक भास्कर
बुरहानपुर 05-03-2024

# कर्मचारियों को सुरक्षा के साथ सेहत पर ध्यान देने के लिए किया प्रेरित

भास्कर संवाददाता | नेपानगर



राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस 2024 की थीम ईएसजी उत्कृष्टता के लिए सुरक्षा नेतृत्व के साथ नेपा लिमिटेड ने सोमवार को राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया। हर साल की तरह इस साल भी वर्ष 2024 की विशेष थीम ईएसजी उत्कृष्टता के लिए सुरक्षा नेतृत्व (सेफ्टी लीडरशिप फार ईएसजी एक्सीलेंस) के साथ नेपा लिमिटेड ने सोमवार को राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया। मुख्य कार्यक्रम नेपा लिमिटेड के कारखाना परिसर में आयोजित किया गया।

सीएमडी कमोडोर सौरभ देब ने कहा- सभी को सुरक्षित औद्योगिक विकास व पर्यावरण संरक्षण के साथ स्वयं की सेहत के लिए भी रोजमर्रा के जीवन से 45 मिनिट योग, प्राणायम और व्यायाम करना चाहिए। व्यक्ति या कर्मचारी का सुरक्षा में चूक हो जाने के कारण अंग-भंग हो जाने, मृत्यु हो जाने से न केवल परिवार की अपितु, संस्थान और राष्ट्र की भी क्षति होती हैं। मुख्य महाप्रबंधक राम अलागेसन ने संस्थान में मौजूदा सुरक्षा व्यवस्था के प्रति संतोष व्यक्त करते हुए सभी को राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस की जानकारी दी। औद्योगिक संरक्षा और विपणन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी किशन पटेल ने राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के इतिहास के बारे में बताया। उन्होंने कहा भारत में हर साल 4 मार्च से लेकर 10 मार्च तक राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया जाता है। इस खास दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य दुर्घटनाओं को रोकना और अलग-अलग क्षेत्रों में सुरक्षा को लेकर जागरुकता फैलाना है। नेशनल सेफ्टी डे सुरक्षा प्रोटोकॉल के महत्व पर जोर देता है। इसी कड़ी में 4 मार्च से सप्ताह भर लोगों को सुरक्षा को लेकर जागरूक किया जाता है। हर वर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस की एक खास थीम होती है। राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस को मनाने के लिए एक खास कैंपेन या थीम जारी की जाती है। राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस 2023 की थीम हमारा लक्ष्य-शून्य नुकसान थी। वहीं 2022 की थीम राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह की विषय सुरक्षा संस्कृति के विकास के लिए युवाओं को प्रोत्साहित करें थी। इस बार राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस 2024 की थीम ईएसजी उत्कृष्टता के लिए सुरक्षा नेतृत्व है। ईएसजी से यहां अर्थ पर्यावरण, सामाजिक और शासन से है। यह सप्ताह विभिन्न सरकारी, गैर सरकारी संस्थानों के साथ स्वास्थ्य विभाग और विभिन्न औद्योगिक संगठनों द्वारा मिलकर मनाया जाता है। इस दौरान मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार (भारतीय राजस्व सेवा), महाप्रबंधक विपणन व वाणिज्य अजय गोयल, उप महाप्रबंधक सुरेंद्र मेहता, वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक व प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार, वरिष्ठ प्रबंधक विद्युत सुमंत कानफाड़े, प्रबंधक पावर हाउस महेंद्र केसरी, प्रबंधक श्रम व कल्याण विभाग किशोर महाजन, सहित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

## प्रतियोगिता में ईशान व्यास रहे प्रथम

जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया इस कार्यक्रम में सभी को सामूहिक रूप से सुरक्षा शपथ दिलाई गई। साथ ही राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस को लेकर एक सुरक्षा नारा प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इसमें परिवहन विभाग के ईशान व्यास को प्रथम पुरस्कार, विपणन विभाग मीत भट्ट को द्वितीय व यांत्रिकी विभाग के विजय कुमार महाजन को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

स्वदेश
खंडवा - मुख्य संस्करण
Date 5 Mar 2024

कार्यक्रम | सुरक्षा नेतृत्व के साथ नेपा लिमिटेड ने मनाया राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस

# सेहत के लिए भी 45 मिनिट योग, प्राणायम व व्यायाम जरुरी-देब

स्वदेश समाचार ■ नेपानगर



हर साल की तरह इस साल भी वर्ष 2024 की विशेष थीम ईएसजी उत्कृष्टता के लिए सुरक्षा नेतृत्व के साथ नेपा लिमिटेड ने सोमवार को राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया। मुख्य कार्यक्रम नेपा लिमिटेड के कारखाना परिसर में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएमडी कमोडोर सौरभ देब द्वारा उपस्थित कर्मचारियों और अधिकारियों को सुरक्षा के उपकरणों के उपयोग पर बल देते हुए जीवन को अमूल्य धरोहर के रूप में परिभाषित किया गया। उन्होंने सभी को सुरक्षित औद्योगिक विकास तथा पर्यावरण संरक्षण के साथ साथ स्वयं की सेहत के लिए भी रोजमर्रा के जीवन से 45 मिनिट योग, प्राणायम और व्यायाम करने के लिए आह्वान किया। श्री देब ने बताया कि, व्यक्ति अथवा कर्मचारी का सुरक्षा में चूक हो जाने के कारण अंग भंग हो जाने अथवा मृत्यु हो जाने से न केवल परिवार की अपितु, संस्थान और राष्ट्र की भी क्षति होती है।

विशेष अतिथि मुख्य महाप्रबंधक राम अलागेसन द्वारा संस्थान में विद्यमान सुरक्षा व्यवस्था के प्रति संतोष व्यक्त करते हु सभी को राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की गई। औद्योगिक संरक्षा और विपणन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी किशन पटेल द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, भारत में हर साल 4 मार्च से लेकर 10 मार्च तक राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया जाता है। इस खास दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य दुर्घटनाओं को रोकना और अलग-अलग क्षेत्रों में सुरक्षा को लेकर जागरूकता फैलाना है। नेशनल सेफ्टी डे सुरक्षा प्रोटोकॉल के महत्व पर जोर देता है। इसी कड़ी में 4 मार्च के दिन से सप्ताह भर लोगों को सुरक्षा को लेकर जागरूक किया जाता है। यह सप्ताह विभिन्न सरकारी, गैर सरकारी संस्थानों के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग और विभिन्न ओद्योगिक संगठनो द्वारा मिलकर मनाया जाता है।

जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि, इस कार्यक्रम में सभी को सामूहिक रूप से सुरक्षा शपथ प्रदान की गई। साथ ही राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस को लेकर एक सुरक्षा नारा प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें परिवहन विभाग के ईशान व्यास को प्रथम पुरस्कार, विपणन विभाग मित भट्ट को द्वितीय तथा यांत्रिकी विभाग के विजय कुमार महाजन को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर में मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार, महाप्रबंधक विपणन एवं वाणिज्य अजय गोयल, उप महाप्रबंधक सुरेंद्र मेहता, वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार, वरिष्ठ प्रबंधक विद्युत सुमंत कानफाड़े, प्रबंधक पावर हाउस महेंद्र केसरी, प्रबंधक श्रम एवं कल्याण विभाग किशोर महाजन, आदि मौजूद थे।

# राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस 2024 की थीम ईएसजी उत्कृष्टता के लिए सुरक्षा नेतृत्व के साथ नेपा लिमिटेड ने मनाया राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस

**नेपानगर प्रतिनिधि।** में हर साल की तरह इस साल भी वर्ष 2024 की विशेष थीम 'ईएसजी उत्कृष्टता के लिए सुरक्षा नेतृत्व'( Safety Leadership for ESG E&cellence) के साथ नेपा लिमिटेड ने सोमवार को राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया। मुख्य कार्यक्रम नेपा लिमिटेड के कारखाना परिसर में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएमडी कमोडोर सौरभ देब द्वारा उपस्थित कर्मचारियों और अधिकारियों को सुरक्षा के उपकरणों के उपयोग पर बल देते हुए जीवन को अमूल्य धरोहर के रूप में परिभाषित किया गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने सभी को सुरक्षित औद्योगिक विकास तथा पर्यावरण संरक्षण के साथ साथ स्वयं की सेहत के लिए भी रोजमर्रा के जीवन से 45 मिनिट योग, प्राणायम और व्यायाम करने के लिए आह्वान किया। उन्होंने बताया कि व्यक्ति अथवा कर्मचारी का सुरक्षा में चूक हो जाने के कारण अंग भंग हो जाने अथवा मृत्यु हो जाने से न केवल परिवार की अपितु, संस्थान और राष्ट्र की भी क्षति होती हैं। विशेष अतिथि मुख्य महाप्रबंधक राम अलागेसन द्वारा संस्थान में विद्यमान सुरक्षा व्यवस्था के प्रति संतोष व्यक्त करते हुएं सभी को राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की गई। औद्योगिक संरक्षा और विपणन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी किशन पटेल द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत में हर साल 4 मार्च से लेकर 10 मार्च तक राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस (National Safety Day) मनाया जाता है। इस खास दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य दुर्घटनाओं को रोकना और अलग-अलग क्षेत्रों में सुरक्षा को लेकर जागरूकता फैलाना है। नेशनल सेफ्टी डे सुरक्षा प्रोटोकॉल के महत्व पर जोर देता है। इसी कड़ी में 4 मार्च के दिन से सप्ताह भर लोगों को सुरक्षा को लेकर जागरूक किया जाता है। हर वर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस की एक खास थीम होती है। राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस को मनाने के लिए एक खास कैंपेन या थीम जारी की जाती है। राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस 2023 की थीम 'हमारा लक्ष्य-शून्य नुकसान' थी। वहीं 2022 की थीम 'राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह की विषय सुरक्षा संस्कृति के विकास के लिए युवाओं को प्रोत्साहित करें' थी। इस बार राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस 2024 की थीम 'ईएसजी उत्कृष्टता के लिए सुरक्षा नेतृत्व' ( Safety Leadership for ESG E&cellence) है। ईएसजी से यहां अर्थ पर्यावरण, सामाजिक और शासन (Environmental, Social and



Governance) से है। यह सप्ताह विभिन्न सरकारी, गैर सरकारी संस्थानों के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग और विभिन्न ओद्योगिक संगठनो द्वारा मिलकर मनाया जाता है।

विस्तृत जानकारी देते हुए जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि इस कार्यक्रम में सभी को सामूहिक रूप से सुरक्षा शपथ प्रदान की गई साथ ही राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस को लेकर एक सुरक्षा नारा प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें परिवहन विभाग के ईशान व्यास को प्रथम पुरस्कार, विपणन विभाग मित भट्ट को द्वितीय तथा यांत्रिकी विभाग के विजय कुमार महाजन को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

इस अवसर में मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार ( भारतीय राजस्व सेवा), महाप्रबंधक विपणन एवं वाणिज्य अजय गोयल, उप महाप्रबंधक सुरेंद्र मेहता, वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार, वरिष्ठ प्रबंधक विद्युत सुमंत कानफाड़े, प्रबंधक पावर हाउस महेंद्र केसरी, प्रबंधक श्रम एवं कल्याण विभाग किशोर महाजन, प्रबंधक (उत्पादन) कुमार देशमुख, कंपनी सेक्रेटरी पूर्णिमा पाराशर और निधि मिश्रा सहित बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने किया और आभार वरिष्ठ अधिकारी किशन पटेल ने माना।

# स्वस्थ जीवन के लिए हर दिन 45 मिनट करें योगः सीएमडी

## 2024 की थीम पर सुरक्षा नेतृत्व के साथ ने मनाया राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस

● बुरहानपुर / आरएनएन

सोमवार को वर्ष 2024 की विशेष थीम ईएसजी उत्कृष्टता के लिए सुरक्षा नेतृत्व के साथ नेपा लिमिटेड ने राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया। मुख्य कार्यक्रम नेपा लिमिटेड के कारखाना परिसर में हुआ। मुख्य अतिथि सीएमडी कमोडोर सौरभ देब ने सुरक्षा के उपकरणों के उपयोग पर बल देते हुए जीवन को अमूल्य धरोहर के रूप में परिभाषित किया। उन्होंने सभी को सुरक्षित औद्योगिक विकास और पर्यावरण संरक्षण के साथ स्वयं की सेहत के लिए रोजमर्रा के जीवन से 45 मिनिट योग, प्राणायम और व्यायाम करने के लिए आग्रह किया। उन्होंने बताया व्यक्ति या कर्मचारी का सुरक्षा में चूक हो जाने के कारण अंग भंग हो जाने अथवा मृत्यु हो जाने से न केवल परिवार की अपितु, संस्थान और राष्ट्र की भी क्षति होती हैं।

विशेष अतिथि मुख्य महाप्रबंधक राम अलागेसन ने संस्थान में विद्यमान सुरक्षा व्यवस्था के प्रति संतोष व्यक्त करते हुएं हुए शुभकामनाएं दी। औद्योगिक संरक्षा और विपणन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी किशन पटेल ने राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के इतिहास की जानकारी दी। भारत में हर साल 4 मार्च से लेकर 10 मार्च तक राष्टीय सुरक्षा दिवस मनाया जाता है। इस खास दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य दुर्घटनाओं को रोकना और अलग-अलग क्षेत्रों में सुरक्षा को लेकर जागरूकता फैलाना है। नेशनल सेफ्टी डे सुरक्षा प्रोटोकॉल के महत्व पर जोर देता है।

जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कार्यक्रम में सभी को सामूहिक रूप से सुरक्षा शपथ प्रदान की गई। साथ ही राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस को लेकर एक सुरक्षा नारा प्रतियोगिता का भी आयोजन किया। इस दौरान मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार भारतीय राजस्व सेवा, महाप्रबंधक विपणन एवं वाणिज्य अजय गोयल, उप महाप्रबंधक सुरेंद्र मेहता, वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक, प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार, वरिष्ठ प्रबंधक विद्युत सुमंत कानफाड़े, प्रबंधक पावर हाउस महेंद्र केसरी, प्रबंधक श्रम एवं कल्याण विभाग किशोर महाजन, प्रबंधक उत्पादन कुमार देशमुख, कंपनी सेक्रेटरी पूर्णिमा पाराशर और निधि मिश्रा सहित बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

नेपा लिमिटेड ने मनाया राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस

# स्वयं के लिए भी रोजमर्रा के जीवन से 45 मिनट निकालकर योग, प्राणायाम, व्यायाम का आह्वान



नेपानगर. हर साल की तरह इस साल भी वर्ष 2024 की विशेष थीम ईएसजी उत्कृष्टता के लिए नेपा लिमिटेड ने सोमवार को राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया। मुख्य कार्यक्रम नेपा लिमिटेड के कारखाना परिसर में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि सीएमडी कमोडोर सौरभ देब ने कर्मचारियों और अधिकारियों को सुरक्षा के उपकरणों के उपयोग पर बल देते हुए जीवन को अमूल्य धरोहर के रूप में परिभाषित किया । उन्होंने सभी को सुरक्षित औद्योगिक विकास तथा पर्यावरण संरक्षण के साथ साथ स्वयं की सेहत के लिए भी रोजमर्रा के जीवन से 45 मिनट योग, प्राणायाम और व्यायाम करने का आह्वान किया।

उन्होंने बताया कि व्यक्ति अथवा कर्मचारी का सुरक्षा में चूक हो जाने के कारण अंग भंग हो जाने अथवा मृत्यु हो जाने से न केवल परिवार की अपितु, संस्थान और राष्ट्र की भी क्षति होती हैं। विशेष अतिथि मुख्य महाप्रबंधक राम अलागेसन ने संस्थान में सुरक्षा व्यवस्था के प्रति संतोष व्यक्त करते हुए सभी को राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस की शुभकामनाएं दीं। औद्योगिक संरक्षा और विपणन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी किशन पटेल ने राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत में हर साल 4 से लेकर 10 मार्च तक राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया जाता है। इस खास दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य दुर्घटनाओं को रोकना और अलग-अलग क्षेत्रों में सुरक्षा को लेकर जागरूकता फैलाना है। नेशनल सेफ्टी डे सुरक्षा प्रोटोकॉल के महत्व पर जोर देता है। इसी कड़ी में 4 मार्च के दिन से सप्ताह भर लोगों को सुरक्षा को लेकर जागरूक किया जाता है। हर वर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस की एक खास थीम होती है। राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस को मनाने के लिए एक खास कैंपेन या थीम जारी की जाती है। राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस 2023 की थीम हमारा लक्ष्य-शून्य नुकसान थी। वहीं 2022 की थीम राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह की विषय सुरक्षा संस्कृति के विकास के लिए युवाओं को प्रोत्साहित करें थी।

जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कार्यक्रम में सभी को सामूहिक रूप से सुरक्षा शपथ प्रदान की गई। साथ ही राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस को लेकर एक सुरक्षा नारा प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें परिवहन विभाग के ईशान व्यास को प्रथम पुरस्कारए विपणन विभाग मित भट्ट को द्वितीय तथा यांत्रिकी विभाग के विजय कुमार महाजन को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# नेपा लिमिटेड ने मनाया राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस




**नेपानगर ■ ध्रुव वाणी।**

हर साल की तरह इस साल भी वर्ष 2024 की विशेष थीम 'ईएसजी उत्कृष्टता के लिए सुरक्षा नेतृत्व' के साथ नेपा लिमिटेड ने सोमवार को राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया। मुख्य कार्यक्रम नेपा लिमिटेड के कारखाना परिसर में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएमडी कमोडोर सौरभ देब द्वारा उपस्थित कर्मचारियों और अधिकारियों को सुरक्षा के उपकरणों के उपयोग पर बल देते हुए जीवन को अमूल्य धरोहर के रूप में परिभाषित किया गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने सभी को सुरक्षित औद्योगिक विकास तथा पर्यावरण संरक्षण के साथ साथ स्वयं की सेहत के लिए भी रोजमर्रा के जीवन से 45 मिनिट योग, प्राणायम और व्यायाम करने के लिए आह्वान किया। उन्होंने बताया कि व्यक्ति अथवा कर्मचारी का सुरक्षा में चूक हो जाने के कारण अंग भंग हो जाने अथवा मृत्यु हो जाने से न केवल परिवार की अपितु, संस्थान और राष्ट्र की भी क्षति होती हैं। विशेष अतिथि मुख्य महाप्रबंधक राम अलागेसन द्वारा संस्थान में विद्यमान सुरक्षा व्यवस्था के प्रति संतोष व्यक्त करते हुएं सभी को राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की गई। औद्योगिक संरक्षा और विपणन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी किशन पटेल द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत में हर साल 4 मार्च से लेकर 10 मार्च तक राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया जाता है। इस खास दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य दुर्घटनाओं को रोकना और अलग-अलग क्षेत्रों में सुरक्षा को लेकर जागरूकता फैलाना है। नेशनल सेफ्टी डे सुरक्षा प्रोटोकॉल के महत्व पर जोर देता है। इसी कड़ी में 4 मार्च के दिन से सप्ताह भर लोगों को सुरक्षा को लेकर जागरूक किया जाता है। हर वर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस की एक खास थीम होती है। राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस को मनाने के लिए एक खास कैंपेन या थीम जारी की जाती है। राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस 2023 की थीम 'हमारा लक्ष्य-शून्य नुकसान' थी। वहीं 2022 की थीम 'राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह की विषय सुरक्षा संस्कृति के विकास के लिए युवाओं को प्रोत्साहित करें' थी। इस बार राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस 2024 की थीम 'ईएसजी उत्कृष्टता के लिए सुरक्षा नेतृत्व' है। ईएसजी से यहां अर्थ पर्यावरण, सामाजिक और शासन से है। यह सप्ताह विभिन्न सरकारी, गैर सरकारी संस्थानों के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग और विभिन्न ओद्योगिक संगठनो द्वारा मिलकर मनाया जाता है। विस्तृत जानकारी देते हुए जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि इस कार्यक्रम में सभी को सामूहिक रूप से सुरक्षा शपथ प्रदान की गई साथ ही राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस को लेकर एक सुरक्षा नारा प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें परिवहन विभाग के ईशान व्यास को प्रथम पुरस्कार, विपणन विभाग मित भट्ट को द्वितीय तथा यांत्रिकी विभाग के विजय कुमार महाजन को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर में मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार (भारतीय राजस्व सेवा), महाप्रबंधक विपणन एवं वाणिज्य अजय गोयल, उप महाप्रबंधक सुरेंद्र मेहता, वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार, वरिष्ठ प्रबंधक विद्युत सुमंत कानफाड़े, प्रबंधक पावर हाउस महेंद्र केसरी, प्रबंधक श्रम एवं कल्याण विभाग किशोर महाजन, प्रबंधक (उत्पादन) कुमार देशमुख, कंपनी सेक्रेटरी पूर्णिमा पाराशर और निधि मिश्रा सहित बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने किया और आभार वरिष्ठ अधिकारी किशन पटेल ने माना।